सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-321
06/08/2017

मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 06 अगस्त 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन भाई–बहन के बीच अपार स्नेह का त्योहार है। हम प्रदेशवासी लगन, निष्ठा, सेवा भाव से बिहार के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। महिलाओं की सुरक्षा, अस्मिता, महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करें। महिलाओं को सम्मान दें। रक्षाबंधन पर्व आपसी प्रेम, भाईचारा एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनायें।

******